## ऐक्सरे

आप का ऐक्सरे किया जा सकता है (आपके शरीर का स्कैन) जैसे कि यदि आपको साँस लेने में कठिनाई हो रही है या छाती में दर्द हो रहा है तो छाती का ऐक्सरे किया जा सकता है। यदि आपके चोट लगी है तो हाथ या पैर का ऐक्सरे किया जा सकता है।

## सी टी स्कैन

सी टी (CT) के दौरान, एक्सरे से एक साथ अनेक चित्र लेने के लिए कमप्यूटर का इस्तेमाल किया जाता है।

जो भी जाँचें की जाएँगी, उनके परिणामों के बारे में चिकित्सीय दल आपसे बात करेगा।

# आपातकालीन विभाग (ED) के बाद

## अस्पताल में ठहरना

कुछ लोग जो ED में आते हैं, उन्हें अस्पताल के वार्ड में रहने की ज़रूरत होती है। यदि आपके साथ ऐसा होता है तो हम आपको जितनी जल्दी हो सकेगा, सबसे उचित वार्ड में ले जाएँगे। यदि अस्पताल में सब व्यस्त हैं तो इसमें कुछ समय लग जाएगा और इस समय के दौरान हम ED में ही आपकी देखभाल करते रहेंगे।

## अस्पताल से जाना

अस्पताल से जाने को अस्पताल से छुट्टी मिलना कहते हैं। जब आप अस्पताल से जाने वाले होंगे, तब स्टाफ़ का एक सदस्य आप से निम्न बातों के बारे में बात करेगा :

- आपकी देखभाल योजना और आगे होने वाली चिकित्सीय देखभाल (जैसे कि दवाइयाँ और चिकित्सा संबंधी मुलाक़ातें)
- चिकित्सा संबंधी सर्टिफ़िकेट, पत्र और और वे ऐक्सरे आपको दे दिए जाएँगे जो आप अपने साथ लाए थे
- बाद में समुदाय स्वास्थ्य सेवा से, सामान्य चिकित्सक (GP) या विशेषज्ञ क्लीनिक में चिकित्सा जारी रखना।

**?**

**क्या आप जानते हैं?**

**यदि आपके साथ आपतस्थिति नहीं है तो जीपी और टेलीफ़ोन सेवाएँ सहायता कर सकते हैं। आप हैल्थडायरेक्ट ऑस्ट्रेलिया से 1800 022 222 पर नि:शुल्क बात कर सकते हैं या www.healthdirect.gov.au पर देख सकते हैं।**

# आशाएँ

## आप हम से क्या आशाएँ कर सकते हैं?

आप अपने डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्टाफ़ से आशा कर सकते हैं कि:

- वे विनम्र और शालीन रहें
- आपके साथ आदर और प्रतिष्ठापूर्ण व्यवहार करें
- चीज़ें सावधानी से और इस तरीके से समझाएँ कि वे आपको समझ आ जाएँ
- जाँचों के परिणाम और ED में आपकी प्रगति के बारे में आपको बताते रहें
- आपको बताएँ कि आगे क्या होने वाला है

यदि किसी भी समय आपको मालूम न हो पाए कि क्या हो रहा है, तो कृपया स्टाफ़ से पूछें – वे आपके किसी भी सवाल का ख़ुशी से जवाब देंगे।

# हम आपसे क्या करने के लिए कह सकते हैं

## खाना-पीना

कृपया डॉक्टर से बात होने से पहले कुछ खाएँ-पिएँ नहीं। कुछ प्रक्रियाओं या इलाज के लिए आपको खाली पेट रहना होता है।

## अपना इलाज बंद करना

यदि आप देखे जाने से पहले ED छोडना चाहते हैं, या आपका इलाज ख़त्म होने से पहले छोडना चाहते हैं, तो कृपया इस बारे में पहले डाक्टरों और नर्सों से सलाह करें जिससे वे आपको संभावित जटिलताओं के बारे में बता सकें।

# आपकी प्रतिक्रिया

आपकी प्रतिक्रिया हमारे लिए महत्वपूर्ण है। कृपया स्टाफ़ से पूछें कि आप अपनी प्रतिक्रिया किस प्रकार दे सकते हैं।

NSW GOVERNMENT

June 2019
© NSW Ministry of Health.
SHPN is (SP)190561.

Hindi

# जब आप आपातकालीन विभाग में पहुँचते हैं तो वहाँ क्या होगा



NSW GOVERNMENT

# स्वागत

## आपातकालीन विभाग

हमें खेद है कि आज आप अस्वस्थ हैं या आपके चोट लगी है और आपको आपातकालीन विभाग (ED) में आना पडा है।

अनेकों लोग पहली बार अस्पताल आते हैं और हम जानते हैं कि यह चिंतापूर्ण अनुभव है।

इस लघुपत्र का उद्देश्य यह बताना है कि आज यहाँ आने पर आप किन बातों की आशा कर सकते हैं। यदि आपको कुछ पूछना है तो आप स्टाफ़ के किसी भी सदस्य से किसी भी समय पूछ सकते हैं।

## पहला चरण

जो भी ED में इलाज के लिए आता है, यहाँ पहुँचने पर उसे एक वरिष्ठ नर्स देखती है / नर्स देखता है।

नर्स आपसे पूछेगी/पूछेगा कि आप ED में क्यों आए हैं और हो सकता है कि वह कुछ चीज़ों का नाप ले, जैसे कि आपके हृदय की गति और आपका रक्तचाप।

नर्स इस बात के आधार पर कि आप कितने अस्वस्थ या घायल हैं, यह निर्धारित करेगी / करेगा कि आपका कितनी जल्दी इलाज किया जाना चाहिए।

# व्यक्तिगत जानकारी

## आने पर जानकारी

जब आप पहुँचेंगे तो आपको हमारे स्टाफ़ को निम्न जानकारी देनी होगी:

- अपना मेडिकेअर नम्बर
- प्राइवेट हैल्थ इंश्योरेंस का विवरण
- कोई भी धार्मिक या सांस्कृतिक मान्यता या प्रथा जिसके बारे में आप सोचते हैं कि हमें पता होना चाहिए।

!

**महत्वपूर्ण**

**यदि आप महसूस करते हैं कि आपकी या परिवार के किसी सदस्य की तबीयत ख़राब होती जा रही है तो कृपया तुरंत बताएँ।**

आपकी देखभाल करने में हमारी मदद करने के लिए हमें आपकी व्यक्तिगत जानकारी की भी आवश्यकता होगी, जैसे:

- आपको कोई स्वास्थ्य समस्या है या दवाएँ जो आप ले रहे हैं
- आपको किन चीज़ों से एलर्जी है
- क्या आप गर्भवती हैं या स्तनपान करा रही हैं
- क्या आप हाल ही में विदेश होकर आए हैं
- आपके घर की परिस्थिति और आपको किस तरह का सामाजिक सहयोग प्राप्त है

# आपकी देखभाल करना

## ऐबरीज़िनल और टॉरेस स्ट्रेट आईलैंड के लोग

प्रत्येक से पूछा जाएगा कि 'क्या आप ऐबरीज़िनल या टॉरेस स्ट्रेट आईलैंड मूल के हैं ?'

आपको अपने मूल की पहचान बताने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। यदि आप ऐबरीज़िनल संपर्क अधिकारी या सामाजिक कार्यकर्ता की सहायता लेना चाहते हैं तो कृपया स्टाफ़ के सदस्य से बात करें।

## जो लोग अंग्रेज़ी नहीं बोलते हैं

यदि आपको दुभाषिए की मदद चाहिए तो कृपया रिसेप्शन डेस्क पर बताएँ।

अनुवाद और दुभाषिया सेवा (TIS National) उन लोगों को नि:शुल्क दुभाषिया सेवा प्रदान करती है, जो अंग्रेज़ी नहीं बोल पाते हैं। टिस नेशनल (TIS National) प्रतिदिन 24 घंटे उपलब्ध है। **131 450** पर फ़ोन करें।

?

**यदि मुझे कोई प्रश्न पूछना है तो?**

**जब आप ED में हैं, तो स्वास्थ्य पेशेवरों की एक टीम आपकी देखभाल कर रही होगी। यदि आपको कुछ पूछना है तो कृपया हमसे किसी भी समय पूछें।**

# आपके अधिकार और सुरक्षा

स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में स्वास्थ्य देखभाल सम्बंधी अधिकारों के बारे में ऑस्ट्रेलियाई घोषणा पत्र (Australian Charter of Healthcare Rights) सभी के लिए उपलब्ध है। यह हर किसी को स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने वाले लोगों के अधिकारों के बारे में समझने का अवसर प्रदान करता है।

ED में सभी को सुरक्षित रहना चाहिए। एन एस डब्ल्यू के सभी अस्पतालों में हिंसा के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति है। इसका अर्थ है हिंसा करने, गाली देने, धमकी देने या बुरे शब्द बोलकर प्रताडित करने की अनुमति नहीं है। कोई भी जो हिंसक हो रहा है या अपमानजनक बातें कह रहा है, उससे कर्मचारी, सुरक्षा कर्मचारी या पुलिस द्वारा वहाँ से चले जाने के लिए कहा जाएगा।

# मुझे क्या आशा करनी चाहिए?

## मुझे यहाँ कब तक रहना होगा?

स्टाफ़ के लोग आपको जल्द से जल्द देखेंगे। सबसे अधिक बीमार लोगों को पहले देखा जाएगा।

इस बीच, जब आप इंतज़ार कर रहे हैं, आपका इलाज करना शुरू किया जा सकता है और आपको दवा देना (जैसे दर्द से राहत) और कुछ जाँचें (जैसे एक्स-रे) करनी शुरू कर सकते हैं।

हमें अस्पताल के दूसरे हिस्से से विशेषज्ञ चिकित्सक या नर्स को बुलाने की ज़रूरत हो सकती है जो आपको देखकर इस बात का निर्णय लेने में मदद करेंगे कि आपको किस देखभाल की आवश्यकता है।

आप कितने समय तक रहेंगे, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि आप ED में क्यों आए हैं और आपको किस देखभाल की जरूरत है।

ज़्यादातर लोग जो ED में आने के बाद घर चले जाते हैं, वे चार घंटे के अंदर चले जाते हैं।

# जाँचें और स्कैन

## क्या-क्या जाँचें की जा सकती हैं?

ED में कुछ लोगों की कुछ जाँचें की जा सकती है तीन सामान्य जाँचें हैं- रक्त की जाँच, एक्स-रे और सी टी स्कैन।

## रक्त की जाँच

डॉक्टर द्वारा आपको देखे जाने से पहले या बाद में रक्त की जाँच की जा सकती है। अस्पताल में रहने के दौरान कुछ लोगों के रक्त की दूसरी बार जाँच करने की ज़रूरत हो सकती है।